# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–04.08.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- **झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन का निधन, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अस्पताल पहुंचकर अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि, भावुक हुए सीएम, कहा–देश ने आदिवासी नायक खो दिया।**

- **गुरुजी का पार्थिव शरीर अब से थोड़ी देर बाद पहुंचेगा रांची, कल रामगढ़ के नेमरा में होगा अंतिम संस्कार, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे भी होंगे शामिल।**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल परीक्षा पे चर्चा 2025 के लिए एक महीने में तीन करोड़ तिरपन लाख पंजीकरण, सर्वाधिक पंजीकरण के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित।**

- **ऑनर किलिंग मामले में पलामू में पांच गिरफ्तार, ट्रेन में चोरी करने वाले गिरोह का भी पर्दाफाश, तीन पकड़ाए।**

- **गुमला में नशीली दवाओं के दो कारोबारी भी पकड़े गये।**

- **सावन की अंतिम सोमवारी पर राज्य के सभी शिवालयों में उमड़ा भक्तों का सैलाब, देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम में चार लाख कांवरियों ने किया जलाभिषेक।**

******************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य के निधन की खबर से झारखंड समेत देशभर में शोक की लहर हैं। शिबू सोरेन के अंतिम दर्शन करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सर गंगा राम अस्पताल पहुंचे। दोनों ने शिबू सोरेन के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी भी अस्पताल पहुंचे और गुरुजी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन काफी भावुक दिखे। उन्होंने कहा कि देश ने एक आदिवासी नायक खो दिया है।

******************

शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर अब से थोड़ी देर बाद विशेष विमान से दिल्ली से रांची लाया जाएगा। एयरपोर्ट से पार्थिव शरीर को सीधे आवास ले जाया जाएगा। कल गुरुजी के पार्थिव शरीर को विधानसभा और पार्टी कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा जायेगा। इसके बाद दोपहर दो बजे उनके पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके छोटे बेटे और दुमका के विधायक बसंत सोरेन उन्हें मुखाग्नि देंगे। अंतिम संस्कार में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई गणमान्य शामिल होंगे।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरू शिबू सोरेन का आज नई दिल्ली में निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे।

******************

इस बीच सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने उनके निधन को व्यक्तिगत क्षति बताया है।

******************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी गुरुजी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इसे झारखंड और देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

******************

शिबू सोरेन के निधन पर पूरे राज्य में तीन दिनों का राजकीय शोक घोषित किया गया है। साथ ही सभी सरकारी कार्यालयों में कल तक के लिए अवकाश की घोषणा कर दी गयी है। रांची के अधिकांश स्कूलों ने भी कल स्कूल बंद रखने की घोषणा की है। इधर, झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही भी अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गयी है।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल परीक्षा पे चर्चा 2025 ने एक महीने में तीन करोड़ तिरपन लाख वैध पंजीकरणों की अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। इसके लिए इसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया है।नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में आधिकारिक गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र औपचारिक रूप से प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के अलावा कई वरीय अधिकारी मौजूद थे।

******************

पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के टरिया गांव में ऑनर किलिंग में प्रेमी–प्रेमिका की हत्या कर दी गयी। दोनों का शव टरिया गांव के ही एक कुएं से बरामद किया गया। डीएसपी मनोज झा ने बताया कि घटना सामने आने के कुछ ही घंटे के भीतर पुलिस ने लड़की के माता–पिता और तीन चाचा को गिरफ्तार कर लिया और सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

******************

इधर, गुमला जिले में पुलिस ने अवैध रूप से नशीली दवाओं का कारोबार करने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर बड़ी मात्रा में नशीली दवाइयां बरामद की गयी हैं। पुलिस ने गुमला –रांची मुख्य मार्ग पर स्थित भरनो थाना चेक पोस्ट पर एक कंटेनर से भारी मात्रा में शराब भी जब्त की है और दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

******************

सावन की आखिरी सोमवारी पर आज राज्यभर के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गयी। देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में आज तड़के तीन बजे से ही श्रद्धालुओं सैलाब उमड़ पड़ा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि अभी कांवरियों की कतार करीब आठ किलोमीटर लंबी है।

**<u>*******समाप्त*******</u>**